आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 13.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति ने उत्तराखंड विधानसभा से पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली के लिए 230 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- केंद्र ने तीन लाख कैडेट रिक्तियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर के विस्तार को मंजूरी दी।
- प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों व पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में चार फीसदी वृद्धि की घोषणा की।

## यू०सी०सी मंजूरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखण्ड विधानसभा से पारित समान नागरिक संहिता विधेयक– यू०सी०सी को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक के लागू होने के साथ ही उत्तराखण्ड आजादी के बाद यू०सी०सी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। एक सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यू०सी०सी विधेयक को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है प्रदेशवासियों के लिए यह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने के साथ ही महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर भी लगाम लगेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध करते हुए समरसता को बढ़ावा देने में यू०सी०सी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

गौरतलब है कि इस साल सात फरवरी को सदन में करीब दस घण्टे की चर्चा के बाद उत्तराखण्ड विधानसभा ने समान नागरिक संहिता विधेयक पारित किया था। यू०सी० के कानून बनने से अब प्रदेश में भरण–पोषण, गोद लेने, उत्तराधिकार, विवाह विच्छेद जैसे मामलों में भेदभाव न करते हुए सभी को बराबरी का अधिकार मिलेगा।

## लोकार्पण व शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले के लिए लगभग 230 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पुलिस मैदान, गोपेश्वर में आयोजित ''लाभार्थी सम्मान समारोह'' में श्री धामी ने कहा कि सीमांत क्षेत्र चमोली का विकास केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सीमांत क्षेत्रों के विकास पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इस दौरान श्री धामी ने चमोली जिले के विकास के लिए कई घोषणाएं भी की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने गोपेश्वर में एक विशाल रोड शो भी किया।

## लोकससभा सामान्य निर्वाचन– 2024

लोकसभा सामान्य निर्वाचन– 2024 के लिए प्रदेश में तैयारियां जोरों पर है। लोकसभा चुनाव में पूरे उत्तराखंड में 11 हजार 500 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों में से एक हजार 500 बूथ श्संवेदनशीलश श्रेणी में आते हैं। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाव को शांतिपूर्ण तरह से संपन्न कराने के लिए अर्धसैनिक बलों की 115 कंपनियों की मांग के मुकाबले राज्य को अब तक 20 कंपनियां आवंटित की जा चुकी हैं। संसदीय चुनाव के दौरान प्रदेश में पी.ए.सी, होम गार्ड और स्थानीय पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

## वर्चुअल संवाद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य में हवाई और रेल सुविधा का तेजी के साथ विकसित किया जा रहा है। डेस्टिनेशन वेडिंग विषय पर प्रमुख वेडिंग प्लानर्स के साथ वर्चुअल संवाद में श्री धामी ने कहा कि आज देश के चालीस स्थानों के लिए प्रदेश से सीधी हवाई सेवा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में कई ऐसे स्थान हैं जहां पर डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा दिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरादून, मसूरी के साथ ही रामनगर, ऋषिकेश, चकराता जैसे कई ऐसे स्थानों को डेस्टिनेशन वेडिंग के क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान वैडिंग प्लॉनर्स के सुझाव लिए और कहा कि सरकार इन सुझावों पर अवश्य काम करेगी।

## आवेदन

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग ने देशभर में अपनी विभिन्न क्षेत्रीय समाचार एकांशों में पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर संपादकीय कार्यकारी और समाचार वाचक सह–अनुवादक नियुक्त करने के लिए अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। अधिक जानकारी वेवसाइट newsonair.gov.in@vacancies पर उपलब्ध है। 19 मार्च, 2024 तक आवेदन किये जा सकते हैं।

## एनसीसी विस्तार मंजूरी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीन लाख रिक्तियों के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक विज्ञप्ति के अनुसार एनसीसी की बढती मांग को पूरा करने के लिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों से कैडेट्स शामिल किए जाने की उम्मीद है। योजना के तहत चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाईयों की स्थापना भी की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि विस्तार योजना में पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षक के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि इस फैसले से एनसीसी विश्व की सबसे बडा वर्दीधारी संगठन बन गया है।

मंहगाई भत्ता

प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में चार फीसदी वृद्धि करने का ऐलान किया है। इससे पहले राज्य के कर्मचारियों को मूल वेतन का 42 प्रतिशत महंगाई भत्ते के रूप में दिया जाता था, जो अब बढ़कर 46 प्रतिशत कर दिया गया है। सचिव विनय शंकर पांडेय ने सभी सार्वजनिक उपक्रम, निगम के प्रशासनिक विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र भेजकर मंहगाई भत्ते का एक जुलाई 2023 से बढ़ी हुई दर पर भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज आंशिक रुप से लेकर आमतौर पर बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज और कल गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। विभाग ने तीन हजार दो सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का अनुमान भी जताया है।

परीक्षा परिणाम

कुमाऊं विश्वविद्यालय ने परीक्षा सत्र 2023 के बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार और बीए एनीमेशन के तीसरे व पांचवे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। साथ ही बीएससी फैशन डिजाइनिंग के तीसरे व बीकॉम बैंकिंग एंड फाइनेंस तथा बीएससी फूड टेक्नोलॉजी के पहले सेमेस्टर की व्यवसायिक परीक्षाओं के परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट केयूएनटीएल डॉट नेट पर देखे जा सकते हैं।

मंजूरी

केंद्र सरकार ने ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग काशीपुर से रामनगर खंड को और अधिक बेहतर बनाने के लिए चार सौ चौरानब्बे करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह धनराशि स्वीकृत होने से राष्ट्रीय राजमार्ग 121 के काशीपुर से रामनगर खंड की मरम्मत कर उसे फोरलेन बनाया जाएगा।

लोकार्पण

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान विभाग की ओर से विभिन्न औद्यानिक निवेशों की गुणवत्तायुक्त आपूर्ति के लिए तैयार कैलेंडर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कैलेंडर तैयार होने से बागवानों व किसानों को अब बीज, पौध, खाद सहित आवश्यक सामग्री समय पर मिल सकेगी। इस दौरान श्री जोशी ने अधिकारियों को कैलेंडर के अनुरूप कार्य करने के भी निर्देश दिए।

वाईब्रेंट विलेज योजना– उत्तरकाशी

वाईब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्त्तरकाशी जिले के नेलांग और जादुंग गांव को आबाद करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जांएगे। जिलाधिकारी डॉक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि इस सीमावर्ती क्षेत्र में पर्यटन की अनेक संभावनांए हैं, जिन्हें धरातल पर उतारने के लिए ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है। उन्होंने पर्यटन विभाग को जादुंग गांव के लिए प्रस्तावित होम स्टे योजना के दायरे में सभी परिवारों को लाने के निर्देश देते हुए गांव में पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं जुटाने के निर्देश भी दिए।

उपकरण वितरण

नई टिहरी में केंद्र सरकार के वित्तीय सहयोग से जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को निशुल्क उपकरण बांटे गये। इस दौरान उपजिलाधिकारी केके मिश्रा ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों की हर संभव मदद कर रही है और उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने दिव्यांगजनों से लोकसभा चुनाव में बढ़–चढ़ कर मतदान करने की अपील भी की।

विश्व ग्लूकोमा सप्ताह

रूद्रपयाग जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के पहले दिन जखोली विकासखण्ड के जवाड़ी गांव में नेत्र जांच शिविर लगाकर ग्रामीणों की आंखों की निःशुल्क जांच कर उन्हें चश्में वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एचसीएस मर्तोलिया ने कहा कि जिले में ग्लूकोमा से आंखों की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जो 18 मार्च तक जारी रहेगा।

संस्तुति

राज्य श्रम विभाग की 'न्यूनतम वेतन समिति' ने मजदूरी की दरों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की संस्तुति की है। समिति की संस्तुतियों को अब मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। मुख्यमंत्री की स्वीकृति मिलने के बाद प्रदेश में न्यूनतम वेतन की दरें लागू हो जाएंगी। इससे राज्य के करीब 10 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।